मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 197 ■ गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'कल्कि 2898 एडी' के OTT क्रेडिट्स से दीपिका नाम हटा

# वार्डों की आरक्षण लॉटरी 11 नवंबर को

- 28 महानगर पालिकाओं के आयुक्तों को दिए गए आदेश
- 31 जनवरी, 2026 तक चुनाव संपन्न कराना अनिवार्य

**उल्हासनगर.** राज्य चुनाव आयोग ने मुंबई महानगर पालिका को छोड़कर राज्य की 28 महानगर पालिकाओं ठाणे, नवी मुंबई, उल्हासनगर, कल्याण डोंबिवली, विरार वसई, पुणे समेत सभी मनपा आयुक्तों को वार्ड आरक्षण 11 नवंबर को निकालने का आदेश दिया है। आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई के बाद, वार्डों के आरक्षण पर अंतिम मुहर 2 दिसंबर को लगाई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, मुंबई और ठाणे समेत राज्य की 29 महानगर पालिकाओं के चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे करना अनिवार्य है। वहीं, राज्य में पहली बार मुंबई को छोड़कर सभी महानगर पालिकाओं के चुनाव चार सदस्यीय पैनल प्रणाली में होंगे। राज्य चुनाव आयोग ने इन वार्डों में ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अनुसार, राज्य चुनाव आयोग ने महानगर पालिकाओं को आरक्षण प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।




## 2 दिसंबर को अंतिम आरक्षण होगा प्रकाशित

- महानगरपालिका के कुल वार्डों में से आरक्षित सीटों की संख्या निर्धारित कर प्रस्ताव 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक राज्य निर्वाचन आयोग को अनुमोदन के लिए भेजना होगा।
- उसके बाद 8 नवंबर को समाचार पत्रों में आरक्षण ड्रा की सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जाएगी।
- 11 नवंबर को वार्ड आरक्षण ड्रा निकाला जाएगा।
- उस आरक्षण पर 17 नवंबर से 24 नवंबर तक आपत्तियां और सुझाव दिए जा सकेंगे।
- आयुक्त 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक इन आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई करेंगे।
- उस आरक्षण पर राज्य निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बाद 2 दिसंबर को वार्ड का अंतिम आरक्षण राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

## नगरपालिका चुनाव की आचार संहिता नवंबर के पहले सप्ताह में?




**मुंबई.** स्थानीय निकाय चुनाव के पहले चरण में राज्य में नगरपालिका चुनाव होंगे और इस चुनाव के लिए आचार संहिता नवंबर के पहले सप्ताह में लागू होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी के अंत तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। इसलिए, नवंबर से जनवरी तक के तीन महीनों में, पहले चरण में नगर पालिका चुनाव, दूसरे चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव और तीसरे चरण में मुंबई और अन्य महानगर पालिका चुनाव होंगे। इसमें, नगर पालिका चुनाव की आचार संहिता नवंबर के पहले सप्ताह में लागू होने की संभावना है।

दिसंबर में विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले नगर पालिका चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसलिए, राज्य सरकार घोषणाएँ नहीं कर पाएगी। केवल विधेयकों को मंजूरी दी जा सकती है, क्या इस पर चुनाव आयोग विचार कर रहा है। अन्यथा, एक सप्ताह का सत्र होगा। जिला परिषद की आचार संहिता खत्म होते ही लागू हो सकती है। दिसंबर के अंत तक जिला परिषद चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। उसके बाद मनपा चुनाव शुरू होंगे।

उल्हासनगर के प्रसिद्ध अमृतवेला ट्रस्ट प्रमुख

# गुरप्रित सिंह रिंकू फिर विवादों में!



- फूल बरसा रही महिला के साथ की धक्की-मुक्की
- गोल मैदान पर जारी है 40 दिनों का मेला
- उल्हासनगर-1 स्थित गुरु अर्जुनदेव गुरुद्वारे की घटना
- सिंधी समुदाय पर बयान के मामले में थे विवादों में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर- 1 स्थित गुरु अर्जुन देव गुरुद्वारे में गुरुवार सुबह अमृतवेला की प्रभातफेरी समाप्त होने के बाद एक रोषपूर्ण घटना घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभातफेरी के बाद अमृतवेला प्रमुख प्रमुख गुरप्रित सिंह रिंकू गुरु ग्रंथ साहब के दर्शन करने दरबार में आए थे। उस समय दरबार में मौजूद एक बुजुर्ग महिला ने उनका स्वागत करने के लिए फूल बरसाए। हालांकि, रिंकू को यह हरकत नागवार गुजरी और वह गुस्से में महिला की ओर दौड़ पड़े। समझा जाता है कि रिंकू ने उसे धक्का भी दिया, जबकि महिला ने उनके पैरों में गिरकर 'मुझसे गलती हो गई' कहकर माफी मांगी। पूरी घटना गुरुद्वारे के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और स्थानीय श्रद्धालुओं में इस व्यवहार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया जा रहा है।

अमृतवेला ट्रस्ट के प्रमुख रिंकू अपने सत्संग में अहंकार की बात करते हैं लेकिन उनका व्यवहार इसके बिल्कुल विपरीत देखकर लोग चौंक गए हैं। ज्ञात हो कि हर वर्ष गोल मैदान परिसर में देर रात को हजारों की संख्या में यहां लोग सत्संग सुनने आते हैं। जिसमें ज्यादातर सिंधी समाज के लोग हैं। ज्ञात हो कि 2021 में भी इस सत्संग के मार्फत अमृतवेला ट्रस्ट प्रमुख रिंकू सिंह ने सिंधी समाज के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और देशभर में सिंधी समाज ने इसके विरुद्ध आंदोलन भी किया बाद में उन्होंने माफी भी मांगी थी। अब यह विवाद भी श्रद्धालुओं के बीच तुल पकड़ता नजर आ रहा है।

## अंबरनाथ केबी सड़क की कमानी को निकाला गया



उल्हास विकास संवाददाता

खबर का असर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी मुख्य महामार्ग पर गत दो महिने से लगाई गई लोहे की कमानी को बुधवार को निकाल लिया गया है. अब इस कमानी के हटा दिए जाने के कारण केबी सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो गई है. इस संबंध में हमने खबर प्रकाशित किया था कि गणेशोत्सव, नवरात्रौत्सव एवं दीपावली त्यौहार के गुजर जाने के बाद भी ये कमानी गत दो महिने से क्यों नहीं निकाली जा रही है. ये कमानी अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय के बाजू में महात्मा गांधी चौक पर केबी सड़क के बीच में लगाए जाने के कारण एक बड़ा ट्रेलर अंबरनाथ से उल्हासनगर की ओर जा नहीं पा रहा है. इस कमानी के कारण वाहन चालक भी परेशान हैं. बुधवार को प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कमानी को हटा दिया है. इस कमानी को दो महिने तक क्यों नहीं हटाया गया था. इसका कारण प्रशासन नहीं बता सका है. शहरवासियों एवं वाहन चालकों का कहना है कि आगे से सड़क के बीच में किसी भी राजकीय पक्ष को कमानी लगाने की अनुमति ना दी जाए.

## अंबरनाथ में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा



- शहरवासियों ने मुख्याधिकारी को दिया निवेदन
- बंदोबस्त करने की मांग

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के कई परिसर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. जिसके कारण शहरवासी परेशान हैं. शहर के कमलाकर नगर, कीर्ति कालोनी, अंबर रेसीडेंसी, साईनाथ कालोनी, साईराम नगर सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने मुख्याधिकारी को एक निवेदन देकर इन आवारा कुत्तों से छुटकारा दिलाने की मांग की है. निवेदन में लिखा है कि ये आवारा कुत्ते स्कूली बच्चों को काटने के लिए दौड़ते हैं. रात भर इन कुत्तों के भौंकने से रात को नींद नहीं आती है. रात के समय बाइक पर घर आने वालों के पीछे ये कुत्त काटने के लिए उनका पीछा करते हैं. बुधवार को इस परिसर के लोगों ने निवेदन को डिस्पैच किया है. यहां पर आवारा कुत्तों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी होने के कारअ महिलाएं, छोटे बच्चे सड़क पर से जा नहीं सकते. अगर एक कुत्ते ने किसा पर हमला पर दिया तो ये आवारा कुत्तों का गैंग उस पर हमला कर देता है. कुत्तों की संख्या बढ़ जाने के कारण शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं.

अंबरनाथ नगर परिषद ने आवारा कुत्तों की नसबंदी का ठेका दिया है, लेकिन ये ठेकेदार केवल नाम का है. इन आवारा कुत्तों का बकायदा बंदोबस्त किया गया तो कुत्तों की संख्या पर कंट्रोल किया जा सकता है. इसके लिए नपा प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ेगा. नहीं तो लोगों का घर के बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा. लोगों द्वारा दिए गए निवेदन पर मुख्याधिकारी को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है.

## मनपा ने रास्ते में रोडा बना दुकान हटाया

- मनपा ने की कार्रवाई
- केबी रोड की दुकान हटाई
- दुकानदार को मिला अल्टरनेटिव
- विठ्ठलवाडी स्टेशन के पास दी दुकान




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका ने केबी रोड पर स्थित एफएम किराणा स्टोर के मालिक को नई अल्टरनेटिव जगह आवंटित करने के निर्णय को मंजूरी दे दी है। इसी के तहत बुधवार दोपहर कल्याण-अंबरनाथ रोड पर यातायात में बाधा बन रही करीब 58 वर्ष पुरानी उनकी दुकान को ध्वस्त किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की देखरेख मनपा अधिकारी गणेश शिंपी ने की. मनपा प्रशासन के अनुसार, संबंधित दुकान लंबे समय से रोड पर रुकावट का कारण बन रही थी, जिसके चलते कार्रवाई आवश्यक मानी गई। मनपा ने पहले दुकान मालिकों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया था। जानकारी के मुताबिक, विठ्ठलवाडी रेलवे स्टेशन के पास स्थित महापालिका की जकात नाके की जमीन भोजराज एम. धनसिंधानी को हस्तांतरित की गई है।

यह प्रक्रिया महापालिका सभागृह के ठराव क्रमांक 89 (17 अगस्त 2020) और ठराव क्रमांक 59 (18 फरवरी 2022) तथा आयुक्त की मंजूरी के बाद पूरी की गई। प्रशासन का कहना है कि आगे भी यातायात बाधित करने वाली संरचनाओं पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जुए के अड्डों पर पुलिस की कार्रवाई

**अंबरनाथ.** शहर में अवैध रूप से चल रहे तीन पत्ती जुए के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है और जुआरियों के खिलाफ कुल 13 मामले दर्ज किए गए हैं। दिवाली लक्ष्मी पूजन के दिन, मंगलवार (गुरुवार) शाम को, अंबरनाथ पुलिस ने विमको ग्राउंड के पास कार्रवाई की और 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद, उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की एक टीम ने विमको नाका इलाके में भी एक जुए के अड्डे पर छापा मारा। इस कार्रवाई में सात जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अंबरनाथ पुलिस ने बताया है कि इन दोनों गतिविधियों में जुआ खेलने के आरोप में कुल 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## अंबरनाथ में 40 साल पुराना मच्छी मार्केट बंद

- अतिक्रमण निरोधक दस्ते की कार्रवाई
- मछली विक्रेताओं का छिन गया रोज़गार



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर पालिका के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अंबरनाथ पूर्व स्थित अंबरनाथ के 40 साल पुराने मछली बाज़ार पर कार्रवाई की। इस पुराने बाज़ार की जगह को लोहे की बाड़ लगाकर बंद कर दिया गया है। इस कार्रवाई से दशकों से यहाँ अपना व्यवसाय चलाकर जीविकोपार्जन कर रहे मछली विक्रेताओं का रोज़गार छिन गया है।

नगर पालिका का कहना है कि नगर पालिका की इस कार्रवाई के पीछे मुख्य कारण इलाके में फैली गंदगी और बदबू है। अंबरनाथ नगर पालिका के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के अधिकारी नरेंद्र संखे ने बताया कि मछली विक्रेता इलाके में काफ़ी गंदगी फैला रहे थे, जिससे दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस संबंध में शिकायत की थी, और पुलिस ने भी विक्रेताओं के ख़िलाफ़ कार्रवाई की है। इसी के चलते यह कार्रवाई क़ानूनी तौर पर की गई है।

वहीं दूसरी ओर, मछली विक्रेताओं ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि इससे सड़कों पर बैठकर व्यापार करने वाले कई विक्रेताओं के लिए समस्या खड़ी हो गई है। विक्रेताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई बिल्डरों और नगर पालिका अधिकारियों की मिलीभगत से की गई है। उनका दावा है कि यह इलाके में हाल ही में बने एक होटल में आने वाले ग्राहकों को मछली की गंध जैसी छोटी-छोटी बातों के आधार पर गरीब विक्रेताओं को उनके रोजगार से वंचित करने की कोशिश है। मछली विक्रेता सुनंदा कोली ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका के सुरक्षा गार्डों ने महिलाओं को धक्का दिया, लेकिन नगर पालिका अधिकारी संखे ने इस आरोप का खंडन किया।

हॉकर ज़ोन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रमोद शिंदे ने इस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी है कि राजनीतिक दलों को संरक्षण देकर गरीबों के खिलाफ कार्रवाई करना अनुचित है।

मछली विक्रेताओं को तुरंत पक्के मकान देकर या उनके व्यवसाय के लिए उचित जगह और हॉकर ज़ोन प्रदान करके उनका पुनर्वास किया जाना चाहिए, अन्यथा कड़ा विरोध किया जाएगा। विक्रेताओं ने प्रशासन से पुनर्वास या हॉकर ज़ोन की मांग की है, और इस कार्रवाई से अंबरनाथ के कई परिवारों के लिए आजीविका की गंभीर समस्या पैदा हो गई है।

## अंबरनाथ की प्रसिद्ध डॉक्टर किरण शिंदे पर जानलेवा हमला

- पति ने जान से मारने का किया प्रयास - डॉ. किरण का आरोप
- बच्चों ने बचा लिया नहीं तो पति उन्हें जान से मार देता

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर किरण शिंदे को उनके पति विश्वंभर शिंदे ने किचन में लोहे के रॉड और मसाला पीसने के खलबत्ते से सर पर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है. डॉ. किरण शिंदे शहर पश्चिम के मोहन सबरबिया में पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं. उन्होंने पति विश्वंभर शिंदे पर अपराध दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है. डॉ. किरण शिंदे का अंबरनाथ, बदलापुर व अन्य शहरों में किरण डायग्नोसिस्ट सेंटर है. घायल डॉ. किरण को बदलापुर के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु दाखिल किया गया है. उनके सर पर कई टांके आए हैं.

पत्रकारों को उन्होंने अपने बयान में बताया है कि बुधवार सुबह 4.30 बजे गाने का रियाज करने के लिए उठी थी. पति के लिए वह चाय बनाने के लिए किचन में गई, लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण विश्वंभर शिंदे ने उन्हें मारना शुरू किया. रॉड और खलबत्ते से सर पर मार कर उन्हें घायल कर दिया. डॉ. किरण चिल्लाने लगी तो दोनों बच्चे उन्हें बचाने के लिए आगे आए. किरण का कहना है कि अगर बच्चों ने बीचबचाव नहीं किया होता तो पति उन्हें जान से ही मार देते. पुलिस ने डॉ. किरण का बयान दर्ज किया है. डॉ. किरण ने बताया कि उनके पति ने उन्हें घायल करके उन्हें जान से मारने हेतु गला भी दबाया है. लेकिन बच्चों ने उन्हें बचा लिया है. अंबरनाथ पुलिस मामले की अधिक जांच कर रही है.

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम

### साइबर सुरक्षा समय की आवश्यकता

**उल्हासनगर.** डिजिटल युग में साइबर अपराधों की दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इसलिए नागरिकों को सचेत करने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय के मार्गदर्शन में साइबर जागरूकता माह मनाया जा रहा है। इसी पहल के तहत, उल्हासनगर पुलिस स्टेशन द्वारा सेंचुरी रेयॉन वर्क्स कंपनी में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक दीपक यादव ने उपस्थित कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फ़िशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक के माध्यम से बैंक खातों से पैसे निकालना आदि के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली दिखाई गई

उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आज की वास्तविक आवश्यकता है, और नागरिकों से धोखाधड़ी की किसी भी घटना में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित कर्मचारियों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली दिखाई गई। साथ ही, उन्हें ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश भी दिए गए। ठाणे पुलिस के इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य स्कूलों, कॉलेजों, सोसाइटियों, उद्योगों और आम नागरिकों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुँचाना है। पुलिस कांस्टेबल पांडुरंग चोपड़े, पुलिस कांस्टेबल पोटे और गोपनीय शाखा के अमलदार ने इस जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।



उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### गर्भवती महिला बैलगाड़ी पर क्यों?

पिछले कुछ वर्षों से हर तरफ विकास एक नारे के रूप में चर्चा का केंद्रीय विषय बना हुआ है। देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को जिस स्तर की परेशानियां होती रही हैं, उसमें यह स्वाभाविक ही है कि उनके भीतर भी अपने क्षेत्र में सड़क, परिवहन, अस्पताल और स्कूल आदि की सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद हो। मगर जब राजनीतिक दलों के भीतर विकास के सिर्फ नारे के जरिए ही जनता का समर्थन हासिल करना एक मकसद रह गया हो, तो जमीनी हकीकत त्रासद ही होगी।

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक गर्भवती महिला को आपात स्थिति में पानी और कीचड़ से भरी कच्ची सड़क पर बैलगाड़ी के सहारे अस्पताल लेकर जाने की खबर यह बताती है कि विकास और चमकती अर्थव्यवस्था के शोर में कई तकलीफदेह सच्चाइयां दबी रह जाती हैं।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रसव पीड़ा का सामना करती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस को बुलाया भी गया, तो वह बेहद खराब सड़क और कीचड़ की वजह से नहीं पहुंच पाई। मजबूरन दलदली और ऊबड़-खाबड़ रास्ते को तीन घंटे में पार कर एक बैलगाड़ी के जरिए महिला को सात किलोमीटर दूर स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ा।

जिस दौर में आए दिन देश और कुछ राज्यों में एक्सप्रेस-वे जैसी चमकदार और अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्बाध सड़कों का हवाला देकर विकास के तेज गति से आगे बढ़ने के दावे किए जा रहे हैं, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा देने और सबको स्वस्थ रखने के लिए उपाय करने का प्रचार किया जा रहा हैं, ऐसे में हमीरपुर की घटना एक आईने की तरह सबके सामने खड़ी है। राज्य के किसी हिस्से में शानदार चमकती एक्सप्रेस-वे जैसी सड़कें और सभी आधुनिक संसाधनों वाले अस्पतालों के बरक्स किसी अन्य हिस्से में एंबुलेंस के पहुंचने लायक भी सड़क नहीं होना और आपात स्थिति में पहुंची गर्भवती महिला के सामने कोई चिकित्सा सुविधा हासिल करने के लिए सात किलोमीटर दूर जाने की नौबत आना आखिर क्या दर्शाता है? संसाधनों और सुविधाओं के मामले में अलग-अलग हिस्सों के बीच ऐसी खाई के रहते क्या किसी भी स्तर पर समावेशी विकास का दावा किया जा सकता है?

# विचार : मानव जीवन से खिलवाड़ की आदत

किसी भी निर्धारित प्रक्रिया की अनदेखी आम तौर पर नियमों का उल्लंघन ही होती है। जब ऐसा लगातार होता रहता है तो व्यवस्था अव्यवस्था का रूप ले लेती है और जब ऐसा होता है तो इसके घातक नतीजे सामने आते हैं। बीते दिनों एक ऐसा ही नतीजा झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में चाईबासा के सदर अस्पताल में आया। यहां थैलीसीमिया पीड़ित पांच बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया। इस मामले का पता तब चला, जब एचआइवी से संक्रमित हो गए एक बच्चे के माता-पिता ने ब्लड बैंक की लापरवाही की शिकायत की।

इस शिकायत के बाद थैलीसीमिया पीड़ित अन्य की जांच की गई तो चार और बच्चे ऐसे ही मिले। कायदे से पहला मामला सामने आते ही स्थानीय प्रशासन और शासन के कान खड़े हो जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सबसे पहले इस मामले का संज्ञान झारखंड हाई कोर्ट ने लिया। इसके बाद राज्य सरकार भी अपने स्तर पर कुछ करने के लिए मजबूर हुई। उसने एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कर दी। फिलहाल यह समिति थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की जांच कर रही है।




बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन समेत अन्य अधिकारियों को निलंबित करने और सभी ब्लड बैंकों का आडिट करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त पीड़ित बच्चों के स्वजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि इन बच्चों का उपचार सरकारी खर्च पर कराया जाएगा। इसके बाद भी उन अभिभावकों की पीड़ा का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है, जिनके बच्चे थैलीसीमिया के बाद एचआइवी से भी ग्रस्त हो गए।

इतनी बड़ी त्रासदी और फिर भी मुआवजा महज दो लाख रुपये। फिलहाल इस पर कुछ कहना कठिन है कि पांच बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले की जांच-पड़ताल में क्या निकलकर सामने आएगा और दोषी लोगों को कोई कठोर दंड दिया जा सकेगा या नहीं? चूंकि प्रारंभिक जांच में ही यह सामने आ गया कि ब्लड बैंक में कई स्तरों पर अव्यवस्था थी, इसलिए यह तो निष्कर्ष निकलना ही है कि वहां आए रक्त के रखरखाव और उपयोग की जो भी प्रक्रिया तय थी, उसका उल्लंघन हो रहा था।

इसमें संदेह है कि इस आघातकारी और शर्मनाक घटना के दोषी लोगों को वास्तव में कठोर दंड का भागीदार बनाया जा सकेगा। इसके आसार इसके बाद भी नहीं कि इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम हो गया है और विपक्ष की ओर से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का त्यागपत्र मांगा जा रहा है। इसके प्रति सुनिश्चित हुआ जा सकता है कि कोई त्यागपत्र देने वाला नहीं है। अपने यहां बड़ी से बड़ी घटना घट जाती है, लेकिन जिम्मेदार लोग अपने पद का त्याग करना आवश्यक नहीं समझते। ऐसा तब भी नहीं होता, जब नियमों-मानकों की अनदेखी के चलते दर्जनों लोग मारे जाते हैं।

यदि कुछ होता है तो यह कि कुछ लोगों को निलंबित कर दिया जाता है और जनहानि की स्थिति में मुआवजे की घोषणा के साथ ही नेताओं की ओर से अफसोस जता दिया जाता है। धीरे-धीरे लोग गंभीर से गंभीर मामले को भूल जाते हैं और फिर किसी को इसकी फिक्र नहीं रहती कि दोषी लोगों को सजा मिल जा सकी या नहीं? इस मामले में भी ऐसा ही हो और कुछ समय बाद निलंबित लोग बहाल हो जाएं तो कोई नई-अनोखी बात नहीं होगी। अपने देश की समस्या ही यह है कि बड़ी से बड़ी घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को कभी भी ऐसी कोई सजा नहीं दी जाती, जो नजीर बन सके। इसके चलते वैसी घटनाएं रह-रहकर होती रहती हैं, जैसी पहले हो चुकी होती हैं। यह पहली बार नहीं है, जब देश में किसी को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया हो। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं और आश्चर्य नहीं कि आगे भी देखने को मिलें।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**हमारी प्रत्येक साँस अनमोल है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२


देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पढ़ाई का दबाव या व्यवस्था की नाकामी?

शिक्षण संस्थानों का वास्तविक अर्थ है, जहां ज्ञानार्जन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर व्यावहारिक कौशल और जीवन में चुनौतियों से मुकाबला करने की मानसिक शक्ति भी विकसित होती है। मगर जब कोई विद्यार्थी अपनी जिंदगी से हार मानने को मजबूर हो जाए, तो इन संस्थानों का महत्त्व क्या रह जाता है? क्या आज के शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान बांटना रह गया है?

क्या संस्थानों के प्रबंधन का यह दायित्व नहीं है कि वे अपने परिसर में ऐसा माहौल तैयार करें कि कोई भी विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव, परेशानी और तनाव के शिक्षा ग्रहण कर सके? इसी लापरवाही का नतीजा है कि देशभर में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले साल-दर-साल बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि सरकार की ओर से इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने की गंभीरता कहीं नजर नहीं आती है।

यही कारण है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन पर आठ सप्ताह के भीतर विस्तृत ब्योरा पेश करने को कहा है।



राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट भी इस बात की तस्दीक करती है कि देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 13,892 मामले सामने आए, जो वर्ष 2013 की तुलना में लगभग पैंसठ फीसद अधिक है। जबकि वर्ष 2019 की तुलना में यह वृद्धि चौंतीस फीसद दर्ज की गई है। समग्र तौर पर देखें, तो वर्ष 2023 में हुई कुल आत्महत्या में विद्यार्थियों की संख्या आठ फीसद से अधिक थी। यह स्थिति वास्तव में भयावह है। विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति बिगड़ने के कई कारण हो सकते हैं।

मसलन, पढ़ाई का दबाव, शिक्षा संस्थानों में हिंसा और जातिगत भेदभाव या फिर घरेलू एवं आर्थिक परेशानियां। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समय रहते समाधान किया जा सकता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 25 जुलाई के अपने फैसले में सरकार और शिक्षा संस्थानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे।

शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी बेहद संवेदनशील मसला है। सरकार और शिक्षा संस्थानों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी नियमावली और दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के फैसले में यह भी निर्देश दिया था कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दो महीने के भीतर तमाम निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें।

मगर राज्यों की उदासीनता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। इसमें दोराय नहीं कि शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग केंद्रों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए अब एकीकृत और ठोस नियमावली लागू किए जाने की जरूरत है।

# दुनिया की वो जगह, जहां घड़ी हो जाती है फेल


अगर आपने कभी टाइम ट्रैवल का सपना देखा है, तो बेरिंग स्ट्रेट के ठंडे पानी में छिपे दो छोटे द्वीपों की कहानी आपको हैरान कर देगी. लिटिल डायोमेड

**जरा हट के**

आइलैंड (अमेरिका) और बिग डायोमेड आइलैंड (रूस) – ये दोनों सिर्फ 3.8 किलोमीटर दूर हैं, लेकिन इनके बीच समय का फर्क 21 से 24 घंटे का है. यानी एक आइलैंड से दूसरे में जाने पर आप एक दिन का समय मात्र एक घंटे में कवर कर लेंगे.

इंटरनेशनल डेट लाइन के कारण लिटिल डायोमेड पर अगर आज बुधवार है, तो बिग डायोमेड पर गुरुवार हो चुका होता है. यही वजह है कि इन्हें 'यस्टरडे आइलैंड' और 'टूमॉरो आइलैंड' के नाम से जाना जाता है. एक नई डॉक्यूमेंट्री ने इस अनोखे फेनॉमिनन को फिर से सुर्खियों में ला दिया है, जिसमें बताया गया कि कैसे ये द्वीप समय की सीमाओं को चुनौती देते हैं.

ये द्वीप आर्कटिक महासागर के बेरिंग स्ट्रेट में स्थित हैं, जहां



अलास्का (अमेरिका) और चुकोटका प्रायद्वीप (रूस) आमने-सामने हैं. लिटिल डायोमेड, जिसे स्थानीय इंउपियाक भाषा में 'इंगालिक' कहते हैं, अमेरिकी अलास्का का हिस्सा है. यहां की आबादी मात्र 82 है, जिसमें ज्यादातर यूपिक मूलनिवासी है. द्वीप पर एक छोटा-सा गांव है, जहां लोग मछली पकड़ने, सील शिकार और आइस फिशिंग पर निर्भर हैं. समय क्षेत्र UTC-9 (अलास्का स्टैंडर्ड टाइम) है. वहीं, बिग डायोमेड, जिसे रूस में रटमेनोव आइलैंड कहते हैं, रूसी चुकोटका ऑटोनॉमस ओक्रग का हिस्सा है. यहां सैन्य बेस है, और आबादी लगभग 100 है, जिसमें ज्यादातर सैनिक और वैज्ञानिक हैं. समय क्षेत्र UTC+12 है, जो लिटिल से 21 घंटे आगे है (गर्मियों में 20 घंटे). अगर आप लिटिल से बिग पर जाएं, तो एक कदम में ना सिर्फ देश बदल जाएगा, बल्कि तारीख भी आगे सरक जाएगी.

इस समय अंतर की जड़ें इतिहास में हैं. 1728 में डेनिश एक्सप्लोरर विटस बेरिंग ने इन द्वीपों की खोज की, जिनका नाम ग्रीक संत डायोमेड के नाम पर पड़ा. हजारों साल पहले से यूपिक और इंगलीट आदिवासी यहां रहते थे, जो बेरिंग स्ट्रेट से एशिया और अमेरिका के बीच पलायन के रास्ते पर बसे थे.

# कच्चे आलू की खस्ता पूड़ी

**खाना-खजाना**

धनतेरस के साथ ही दिवाली के त्योहार की तैयारियां शुरू हो जाती है। अब त्योहार हैं तो पकवान भी बनेंगे। आमतौर पर सब्जियों की तो ढेर सारी वैराइटी मिल जाती है। लेकिन कम मेहनत के लिए सिंपल सी पूड़ी ही बना लेती हैं। अगर आप कुछ हटके और टेस्टी खस्ता पूड़ी की रेसिपी इस बार फेस्टिवल्स में ट्राई करना चाहती हैं तो कच्चे आलू और चने की दाल ने बनी इन खस्ता पूड़ियों को जरूर बनाएं। नोट कर लें आसान सी रेसिपी।

**सामग्री ः**

- आधा कप चने की दाल
- एक कच्चा आलू बड़े साइज का
- आटा
- दो चम्मच सूजी
- नमक
- कलौंजी आधा चम्मच
- कुटी लाल मिर्च आधा चम्मच
- धनिया के बारीक कटे पत्ते
- कसूरी मेथी एक चम्मच
- हल्दी एक चौथाई चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर आधा चम्मच
- सफेद तिल के बीज एक चम्मच



**बनाने की विधि**

-सबसे पहले चने की दाल को दो घंटे के लिए भिगोकर रख दें।

-जब ये अच्छी तरह से भीग जाए तो मिक्सी के जार में डालें। साथ ही कच्चे आलू को छीलकर धोकर पतले टुकड़े कर लें। और दोनों को साथ में बारीक पीसकर पेस्ट बना लें।

-अब किसी थाली में आटा लें और उसमे सूजी मिलाएं।

-साथ ही कलौंजी, बारीक कटी हरी धनिया, कसूरी मेथी डालें।

-साथ में कुटी लाल मिर्च और लाल मिर्च के साथ थोड़ा सा नमक डालें।

-अब तैयार आलू और चने की दाल के पेस्ट को डालकर मिलाएं।

-जरूरत के हिसाब से पानी डालकर कड़ा आटा गूंथ लें।

-अब इन आटे की पूड़िया बनाएं और ऊपर से थोड़े से तिल के बीज डालकर बेलें।

-बस तेल में सुनहरा तलें और तैयार हैं जबरदस्त खस्ता पूड़ी। इसे आप त्योहार के अलावा टिफिन में भी परोस सकते हैं।

# स्ट्रोक क्यों है साइलेंट किलर?

स्ट्रोक को मस्तिष्क आघात कहा जाता है। यह एक बेहद गंभीर तरह की मेडिकल इमरजेंसी की कंडीशन होती है। यह तब होता है जब दिमाग के एक हिस्से में ब्लड फ्लो अचानक रुक हो जाता है, जिससे ब्रेन सेल्स को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों नही मिल पाते हैं। कुछ ही मिनटों में इससे प्रभावित सेल्स मरने लगती हैं, जिससे पैरालाइसिस, बोलने की समस्या, यहां तक कि इससे मौत भी हो सकती है।

सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में न्यूरो सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. केबी शंकर पहले इसे बुजुर्गों की समस्या मानते थे, लेकिन अब यह युवाओं को तेजी से प्रभावित करने लगी है। इसका एक बड़ा कारण है कि लोग खराब जीवनशैली, गलत आहार, तनाव की गिरफ्त में आ रहे हैं, लेकिन कुछ उपायों से इसे रोका भी जा सकता है।



## दो तरह के होते हैं स्ट्रोक

**इस्केमिक स्ट्रोकः** यह ब्रेन की ब्लड सेल्स में थक्का बनने से होता है, लगभग 80-85 प्रतिशत मामलों में यही होता है।

**हेमरेजिक स्ट्रोकः** इसमें कमजोर ब्लड वेसल के फटने से ब्लीडिंग होती है। ऐसे ही ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक (टीआइए) या मिनी स्ट्रोक में इस तरह अस्थायी लक्षण उत्पन्न होते हैं, जो 24 घंटे के अंदर ही गायब हो जाते हैं। ये बड़े स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण भी हो सकते हैं।

## संभव है स्ट्रोक से बचाव

80 प्रतिशत स्ट्रोक को रोका जा सकता है। इसके लिए बस कुछ बातों का ख्याल रखना जरूरी है जैसे-

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल करेंः** नियमित जांच और आवश्यकता पड़ने पर दवा लें।

**सही और संतुलित डाइटः** ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन को प्राथमिकता दें। नमक, चीनी और तले-भुने भोजन से दूरी बनाएं।

**नियमित व्यायाम करेंः** सप्ताह में पांच दिन कम से कम 30 मिनट तेज चलने का अभ्यास डालें।

**धूम्रपान और अल्कोहल सीमित करें** : दोनों सीधे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं।

**वजन सही रखेंः** यह डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को कम करता है।

**तनाव से दूर रहेंः** योग, ध्यान और विश्राम तकनीकें ब्लड प्रेशर नियंत्रित करती है।

**नियमित स्वास्थ्य जांचः** इससे किसी भी बीमारी को शुरुआत में ही पकड़ा जा सकता है।

## स्ट्रोक के रिस्क फैक्टर

स्ट्रोक का खतरा जेनेटिक और लाइफस्टाइल फैक्टर्स के साथ बढ़ता है। हालांकि, फैमिली हिस्ट्री और बढ़ती उम्र जैसे जोखिम को नहीं बदला जा सकता, लेकिन कुछ बातें हमारे नियंत्रण में होती हैं।

**हाई ब्लड प्रेशर** : यह सबसे बड़ा कारण है।

**डायबिटीजः** इससे रक्त वाहिकाओं को नुकसान होता है व धमनियां कमजोर होती हैं।

**जरूरी है जागरूकता**

स्वजन को स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में पता होना चाहिए। भारत में स्ट्रोक की समस्या लगातार बढ़ रही है। जागरूकता, समय पर उपचार और सामुदायिक स्तर पर भागीदारी से हर साल हजारों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रोकथाम जागरूकता से शुरू होती है और जागरूकता आपसे । इसलिए, जीवनशैली सही रखें और नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें।

**हाई कोलेस्ट्रालः** फैट के जमा होने के कारण ब्लड फ्लो बाधित होता है।

धूम्रपान और अल्कोहलः रक्तचाप बढ़ता है व रक्त वाहिकाओं को नुकसान होता है।

**मोटापा और निष्क्रियताः** इससे हार्ट डिजीज और हाइपरटेंशन का जोखिम बढ़ता है।

**हार्ट डिजीजः** जैसे कि एट्रियल फिब्रिलेशन, जो मस्तिष्क में थक्के भेज सकता है।

**लक्षणों को पहचानेंः** स्ट्रोक की स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। इससे मरीज की जान बचाई जा सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**वृषभ** : सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन** : पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कर्क** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**सिंह** : दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** : यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। रोमांस में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला** : सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक** : चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु** : चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर** : यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** : ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मीन** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर पर हेयर स्पा करके बचाएं पार्लर के पैसे

## जानें क्या है इसका सही तरीका

आजकल तेज जिंदगी और बढ़ती व्यस्तताओं के कारण लोगों के पास पार्लर जाकर हेयर स्पा कराने का समय कम ही होता है। वहीं महंगे सलून के खर्चों को देखते हुए भी बहुत से लोग पार्लर जाने से बचते है। ऐसे में अगर आप भी घर पर ही अपने बालों की देखभाल करना चाहते हैं और उन्हें स्वस्थ, मुलायम और चमकदार बनाना चाहते हैं, तो ये लेख आपके लिए बेहद उपयोगी है।

घर पर ही हेयर स्पा करना न केवल आपके समय और पैसे की बचत करता है, बल्कि ये बालों को किसी भी नुकसान से बचाने का सुरक्षित तरीका भी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे घर पर हेयर स्पा करने का सबसे आसान तरीका, जिसके लिए आपको केवल घरेलू सामग्री और थोड़ी सी मेहनत की जरूरत होगी।

**हेयर स्पा करने के लिए जरूरी चीजें**

- नारियल तेल
- ऑलिव ऑयल
- अंडा



- हनी
- दही

**हेयर मास्क तैयार करें**

घर पर ही हेयर स्पा करने के लिए सबसे पहले तो आपको हेयर मास्क तैयार करना है। इसके लिए एक कटोरी में सबसे पहले थोड़ा सा नारियल का तेल और ऑलिव ऑयल लेकर उसे अच्छी तरह से मिक्स करें।

अब इसमें अंडे का सफेद भाग, शहद भी डालकर चम्मच से मिक्स करें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा दही मिलाने के बाद हेयर मास्क को तैयार करें। अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद ये हेयर मास्क तैयार है।

हेयर मास्क तैयार करने के बाद इसका सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले तो अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें। बालो को धोने के बाद इनका पानी सुखा लें। पानी इतना सुखा लें कि बाल हल्के गीले रहें। क्योंकि अगर बाल हल्के गीले रहेंगे, तभी ये हेयर मास्क बालों पर असर करेगा।

अब हल्के गीले बालों पर तैयार हेयर मास्क को अप्लाई करें। इस मास्क को स्कैल्प से लेकर बालों के छोर तक लगाएं। इसे अप्लाई करने के बाद कम से कम 30–45 मिनट के लिए टॉवल या शॉवर कैप से ढकें। इसके बाद हल्के शैंपू से अपने बाल धो लें।

**बरतें ये सावधानियां**

अब आपके लिए जानना जरूरी है कि घर पर हेयर स्पा करते समय क्या-क्या सावधानी बरतें। इसके लिए ध्यान रखें कि बस 15 दिन में एक बार हेयर स्पा करना जरूरी है। हेयर मास्क बनाने से पहले एक बार सभी चीजों का पैच टेस्ट कर लें, ताकि अगर किसी सामग्री से एलर्जी हो तो पहले ही पता लग जाए। हेयक स्पा के बाद बालों को गर्म पानी से धोने से बचें।

# संतरे के छिलकों से घर बनेगा चूहामुक्त

गर्मी हो या ठंड चूहे घरों में घुसते रहते हैं. ये छोटे-छोटे छेदों से भी आ जाते हैं और बहुत परेशानी खड़ी कर देते हैं. इनसे छुटकारा पाने के लिए जहरीले केमिकल या जाल की जगह, आप एक प्राकृतिक और सुरक्षित तरीका आजमा सकते हैं... संतरे के छिलके!

## काम कैसे करता है?

चूहे तेज गंध बिल्कुल पसंद नहीं करते. संतरे के छिलकों में एक तेज और तीखी खुशबू होती है जो चूहों को बहुत बुरी लगती है. यह गंध उन्हें दूर भगा देती है.

## छिलके तैयार करें

एक संतरे का छिलका लें और इसे मोटा-मोटा छील लें छिलके को हल्का सा दबाएं या मसलें ताकि इसकी खुशबू और तेज हो जाए.

## छिलके रखने की जगह

इन छिलकों को उन जगहों पर रख दें जहां से चूहे आते हों, जैसे रसोई के अलमारी के कोनों में, दरवाज़ों के पास, अलमारी के पीछे



और वो छोटे-छोटे छेद जहां से चूहे आते दिखें.

## छिलके बदलते रहें

2-3 दिन में छिलके सूख जाते हैं और उनकी खुशबू चली जाती है सूखे हुए छिलकों को फेंक दें और नए ताजे छिलके रख दें.

## सूखे छिलके का पाउडर

अगर बार-बार छिलके बदलना मुश्किल लगे, तो संतरे के छिलकों को धूप में सुखा लें या हल्की आंच पर ओवन में सेक लें. फिर इन्हें पीसकर पाउडर बना लें. इस पाउडर को छोटे पाउच में भरकर उन्हीं जगहों पर रख दें.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शादी के साल भर बाद ही बीवी की गला काटकर हत्या, कमरे में छिपाया शव

**बरेली.** यूपी के बरेली से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां, शादी के एक साल के बाद ही पति ने गला काटकर बीवी की हत्या कर दी। फिर कमरे में शव छिपाकर लूट दिखाने की कोशिश की गई। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं, पास में खून से रंसिया पड़ा मिला। ये मामला नवाबगंज की ओम सिटी कॉलोनी का है। जहां 21 साल की अनीता की मंगलवार को घर में ही गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका पति अनिल ट्रैक्टर चलाता है। शाम साढ़े शाम बजे अनिल घर पहुंचा तो दरवाजे पर ताला लगा था। उसने आसपास के लोगों से अनीता के बारे में पूछा। अनीता का कोई पता न चलने पर अनिल दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसा तो कमरे में जमीन पर अनीता का शव पड़ा था। गला काटकर हत्या की गई थी और पास ही खून से सना हंसिया पड़ा था।

### शोधार्थी के साथ रेप का आरोपी प्रोफेसर सस्पेंड, पीड़िता ने कोर्ट में दर्ज कराया बयान

**आगरा.** यूपी के आगरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने शोधार्थी के शारीरिक शोषण में आरोपित प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। कुलपति प्रो. आशु रानी ने आंतरिक शिकायत समिति की ओर से की गयी सिफारिश पर आदेश जारी किए हैं। विवि की ओर से बेस्ट टीचर इन रिसर्च के पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर को अग्रिम आदेशों तक निलंबित रखा जाएगा। उधर, पुलिस ने एफआइआर दर्ज करने के बाद मंगलवार को पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। अब पुलिस प्रोफेसर की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर रही है। डॉ. बीआर आंबेडकर विवि में बेसिक साइंस विभाग के केमिस्ट्री प्रोफेसर पर रिसर्च स्कॉलर ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

### नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी की सड़क हादसे में मौत, 20 साल की सजा काट कर लौटा था घर

**कुशीनगर.** करीब 23 साल पहले देश की सबसे चर्चित आपराधिक घटनाओं में से एक नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। यह हादसा, कुशीनगर के बघौचघाट मोड़ पर हुआ। एक तेज रफ्तार स्कार्पियो की चपेट में आकर एक बाइक पर सवार तीन लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में लेते हुए दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। बाद में पता चला कि हादसे में जिस शख्स की मौत हुई है वह 1992 के देश के चर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड में 20 साल की सजा काटकर आया सुखदेव यादव था।

# रेप के दोषी आसाराम को बड़ी राहत

## राजस्थान हाईकोर्ट से मिली 6 महीने की अंतरिम जमानत

**जोधपुर.** नाबालिग लड़की से रेप के दोषी आसाराम बापू को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। आसाराम ने 30 अगस्त को जेल में वापस सरेंडर किया था, जिसके कुछ दिन बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी।

मेडिकल के आधार पर लगाई गई याचिका की सुनवाई कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने की। सुनवाई के बाद आसाराम को एक बार फिर बड़ी राहत मिली। अदालत ने 6 महीने की अंतरिम जमानत दे दी है।

### इस आधार पर मिली 6 महीने की जमानत

आसाराम की तरफ से दिल्ली से आए सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने पैरवी की थी। राजस्थान सरकार की तरफ से एडिशनल एडवोकेट जनरल दीपक चौधरी ने अपनी दलीलें रखी थीं। वहीं पीड़िता की तरफ से एडवोकेट पीसी सोलंकी पैरवी कर रहे थे। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला आसाराम के पक्ष में सुनाया, जिसका आधार मेडिकल है।



### 27 अगस्त को याचिका हुई थी खारिज

हालांकि इससे पहले आसाराम की जमानत याचिका को मेडिकल का हवाला दिये जाने के बावजूद खारिज कर दिया गया था। ये याचिका 27 अगस्त को जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान खारिज की थी। उस दौरान कहा गया था- आसाराम की हालत स्थिर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती होने या लगातार स्वास्थ्य देखभाल की जरूरत नहीं है।

### नाबालिग लड़की और महिला से रेप के दोषी

आसाराम के ऊपर राजस्थान के जोधपुर और गुजरात के अहमदाबाद में क्रमशः नाबालिग लड़की और आश्रम की महिला के साथ रेप करने का दोष साबित हुआ है। इन दोषों में आसाराम सजा काट रहा है। दोनों ही मामलों में अदालतों ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### आसाराम को क्या बीमारियां हैं?

आसाराम बापू को कोरोनरी हार्ट डिजीज है। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक उनके दिल की दो धमनियों में करीब 90 फीसदी ब्लॉकेज है। इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर, एनीमिया, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग और प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियों की शिकायतें भी हैं।

### मूर्तियों पर जूते से हमले की कोशिश

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के बेंगलुरु से बुधवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने स्थानीय मंदिर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया है, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के मुताबिक शख्स को मंदिर के गर्भगृह के बाहर रखी हुई मूर्ति को खंडित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शख्स की पहचान 45 वर्षीय कबीर मंडल के रूप में हुई है जो कथित तौर पर बांग्लादेश का नागरिक है। पूरा मामला तब सामने आया जब मंदिर के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी और मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से भारत को बदनाम करने का प्रयास करता रहता है। विशेष रूप से भारतीय सेना के बारे में वह तरह-तरह के झूठे दावे करता रहता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तो इसने भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह को लेकर कई दावे किए, लेकिन हर बार उसके झूठ का पर्दाफाश हो गया और उसे करारा जवाब मिला। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनका एक लड़ाकू विमान मार गिराया गया और शिवांगी सिंह युद्धबंदी बन गईं। लेकिन बुधवार की सुबह स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह ने हरियाणा के अंबाला वायुसेना अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ मुस्कुराती हुईं फोटो खिंचवाईं। उसे देखकर तो पाकिस्तान आज रो रहा होगा।

दरअसल, मई में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, भारत ने सैन्य जवाब के रूप में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके जवाब में पाकिस्तानी प्रचार मशीनरी ने रफ्तार पकड़ ली और कई (और खासकर) सैन्य सफलताओं के



दावे करने लगी। इनमें से कोई भी दावा सच्चा नहीं था, खासकर यह कि उन्होंने छह भारतीय सैन्य विमानों को मार गिराया, जिनमें हाल ही में खरीदा गया महंगा फ्रांसीसी राफेल लड़ाकू जेट भी शामिल था।

भारतीय सेना और सरकार ने तुरंत विस्तृत स्पष्टीकरण दिया, ढेर सारे आंकड़े और दृश्य प्रमाण पेश किए, तथा पुष्टि की कि पाकिस्तान ने न केवल एक भी भारतीय विमान को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि खुद के छह विमान गंवा दिए। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बताया कि इन नुकसानों में कम से कम चार अमेरिकी एफ-16, चीन के जेएफ-17 लड़ाकू विमान और एक 'बड़ा पक्षी'(एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल) विमान शामिल हैं।

इसी कड़ी में एक और झूठा दावा था कि स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह का विमान नष्ट कर दिया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह अफवाह कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर फैलाई गई। यहां तक कि एयर चीफ मार्शल के 'शोकाकुल परिवार से मिलने' के फर्जी वीडियो भी वायरल हो गए।

भारत ने फौरन कड़ा जवाब दिया और सरकार की फैक्ट-चेक यूनिट ने साफ कहा कि पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल्स ने दावा किया था कि भारतीय महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह को पाकिस्तान में पकड़ लिया गया है। यह दावा पूरी तरह फर्जी है!

# अमेरिका और भारत में खत्म होने वाला है टैरिफ वॉर

- ट्रंप ने दे दिए बड़ी डील के संकेत

**नई दिल्ली.** भारत और अमेरिका में जारी तनाव जल्द खत्म होने के आसार हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह भारत के साथ ट्रेड डील करने वाले हैं। इससे पहले कहा जा रहा था कि अमेरिका टैरिफ घटाकर 16 प्रतिशत करने का फैसला किया था। हालांकि, इसे लेकर भारत या अमेरिका सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

दक्षिण कोरिया पहुंचे ट्रंप ने



बुधवार को कहा, '...अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो मैं भारत के साथ ट्रेड डील करने वाला हूं। मेरे मन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बहुत प्यार और सम्मान है...। हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है।' ट्रंप के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम हो सकता है। अमेरिका रूसी तेल की खरीद के मुद्दे पर भारत पर निशाना साधता रहा है।

बीते हफ्ते खबरें आई थीं कि भारत और अमेरिका के बीच तीन में से दो मुद्दों पर सहमति बन गई है। वहीं, खबरें ये भी थीं कि भारत ने अमेरिका को भारतीय कृषि बाजार में एंट्री की अनुमति नहीं दी थी, जिसके चलते दोनों देशों के बीच बातचीत का दौर थम गया था। कहा जा रहा था कि रूसी तेल की खरीद में कमी पर भारत की सहमति के बाद अमेरिका ने टैरिफ 16 प्रतिशत पर करने के लिए तैयार हुआ था। खास बात है कि ये अटकलें पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद लगाई जा रही थीं।

### कटौती का दावा

ट्रंप ने शनिवार को एक बार फिर दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत रूसी तेल खरीद में 'पूरी तरह से' कटौती कर रहा है, जबकि चीन 'काफी हद तक' कटौती करेगा। शनिवार को मलेशिया जाते समय विशेष विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि भारत रूसी तेल खरीद में 'पूरी तरह से कटौती' कर रहा है।

# मोंथा ने आंध्र-ओडिशा में मचाई तबाही

- 100KM प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया तूफान

**कोलकाता.** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात 'मोंथा' मंगलवार रात आंध्र प्रदेश के पूर्वी तट से टकराया, जिसने प्रदेश के कई जिलों में भारी तबाही मचा दी। यह चक्रवात माचिलिपटनम और कालिंगपट्टनम के बीच, काकीनाडा के पास शाम करीब 7:30 बजे तट से टकराया। करीब चार घंटे तक चली तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। हवा की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक



दर्ज की गई, जबकि समुद्र में 10 फीट ऊंची लहरें उठीं।

तेज हवाओं ने पेड़ों और बिजली के खंभों को उखाड़ फेंका, कई इलाकों में बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई। सड़कें जलमग्न हो गईं और राहत दलों को भारी बारिश के बीच सड़कें साफ करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंध्र प्रदेश में एक महिला की मौत, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। माकानापालेम गांव (मामिडिकुदुरु मंडल) में एक महिला की मौत हो गई जब तेज हवाओं से गिरा पेड़ उसके घर पर जा गिरा। राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों से 10,000 से अधिक लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था। कुल 65 गांवों के 12 तटीय मंडलों से मछुआरों और ग्रामीणों को हटाया गया।

# दिल्ली की कोर्ट ने बढ़ाई केजरीवाल की मुश्किल

**नई दिल्ली.** राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को पूर्व मुख्यमंत्री व अन्य आरोपियों के खिलाफ साल 2019 में दर्ज सार्वजनिक संपत्ति विरूपण मामले की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया है। अदालत ने पुलिस को अगली तारीख पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल की अदालत ने जांच अधिकारी से कहा कि मामले की जांच जल्द पूरी की जाए और तीन दिसंबर को अगली सुनवाई पर अदालत के सामने रिपोर्ट पेश की जाए। सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने अदालत को बताया कि मामले में आरोपी पूर्व विधायक गुलाब सिंह और निगम पार्षद नितिका शर्मा से पूछताछ हो चुकी है।

# इसरो लॉन्च करने जा रहा अब तक का 'सबसे भारी सैटेलाइट'

- नेवी की ताकत में बहुत बड़ा इजाफा

**श्रीहरिकोटा.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारतीय नौसेना की समुद्री संचार क्षमताओं को अभूतपूर्व मजबूती देने की तैयारी में है। 2 नवंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होने वाले सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) सैटेलाइट के साथ नौसेना को रियल टाइम कम्युनिकेशन,



निगरानी और रणनीतिक नियंत्रण में क्रांतिकारी बदलाव का लाभ मिलेगा। यह भारत का अब तक का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट होगा, जो समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

इसरो ने एक बयान में कहा, ''भारत का एलवीएम3 प्रक्षेपण यान दो नवंबर 2025 को अपनी पांचवीं उड़ान (एलवीएम3-एम5) में सीएमएस-03 कम्युनिकेशन सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने जा रहा है।'' अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, सीएमएस-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है जिसे भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। लगभग 4,400 किलोग्राम वजन वाला यह सैटेलाइट भारत की धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित होने वाला सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट होगा।

इसरो ने बताया, ''एलवीएम3 की पिछली उड़ान से चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित किया गया था, जिसमें भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक अपना रोवर उतारने वाला पहला देश बना था।''


## आम सूचना

मैं श्री लतिश घनश्यामदास सुखेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, सरकारी जमीन पर कंस्ट्रक्शन, ब्लॉक नं. ए-768 के सामने, प्रेम नगर टेकड़ी, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 53डीआय011412100) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोहर अल्यास मनोहरलाल कन्हैयालाल वलेच्छा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.10.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री लतिश घनश्यामदास सुखेजा**

## आम सूचना

मैं श्रीमती अंजना फकीरा कोली सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 194, बैरक नं. 1638 के सामने, श्रीराम नगर, पटाखा फैक्ट्री के पास, सेक्शन 28, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 47सीओ01043500) उक्त प्रॉपर्टी श्री विजय फकीरा कोली, श्री महेश फकीरा कोली, श्रीमती सुनिता ज्ञानेश्वर ननावरे अल्यास सुनिता फकीरा कोली ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.10.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अंजना फकीरा कोली**

## आम सूचना

मैं श्रीमती वंदना अनिल चौधरी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. चाल नं. 1, कैलाश कॉलोनी, महेश्वरी हॉस्पिटल के पीछे, ओम नगर, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 57डीओ012436800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सावित्रीबाई जगन्नाथ चौधरी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.10.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती वंदना अनिल चौधरी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रविंदर कौर रोशनसिंग गोलार सभी को सूचित कर रही हूं कि रूम, पोर्शन रूम, बैरक नं. 115 के पास, बिरला मंदिर के पीछे, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014323200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी हरबंस सिंग बुढासिंग के नाम पर है। उनका निधन 4.12.2021 को हो गया है। श्रीमती हरभजन कौर हरबंस सिंग का निधन 20.11.2018 को हो गया है और रोशनसिंग हरबंससिंग गोलार का निधन 14.7.2020 को हो गया। श्री राजींदर कौर अवतार गिल, श्रीमती मुनींदर कौर गोलर, श्री जसविंदर हरबंस सिंग व श्री करनसिंग रोशनसिंग गोलर ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 17.10.2025 सी.नं. 3558/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रविंदर कौर रोशनसिंग गोलार**


# रोहित पहली बार बने नंबर-1 वनडे बल्लेबाज



- ICC वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज टॉपर
- शुभमन गिल तीसरे नंबर पर फिसले

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा करियर में पहली बार दुनिया के नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बन गए हैं। ICC ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इससे पहले शुभमन गिल नंबर-1 थे। रोहित 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचे हैं।

38 साल, 182 दिन के रोहित वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज नंबर-1 भी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर (38 साल, 73 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में शतकीय पारी खेली थी और भारत को जीत दिलाई थी। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज में 101 की औसत से 202 रन बनाए थे।

### टॉप पर पहुंचने वाले 5वें भारतीय

रोहित शर्मा भारत के पांचवें ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे रैंकिंग में नंबर-1 रैंक हासिल की है। रोहित से पहले सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, विराट कोहली और शुभमन गिल टॉप पर पहुंच चुके हैं।

### कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ

विराट कोहली ने तीसरे वनडे में 74 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब वह 725 रेटिंग अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर ने एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे वनडे में भारत के लिए अर्धशतक लगाया और वह एक स्थान ऊपर (10वें से 9वें) पहुंच गए हैं।

### राशिद टॉप वनडे बॉलर

वनडे बॉलिंग रैंकिंग में जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, लेकिन भारत के कुलदीप यादव छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। स्पिनर एडम जम्पा ने दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे में चार विकेट लिए और वह भी दो पायदान ऊपर (अब 12वें स्थान पर) पहुंच गए हैं।

# युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत को 'युद्ध जैसी स्थिति' के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि मई में पाकिस्तान के साथ चार दिनों के सैन्य संघर्ष ने दिखा दिया कि सीमाओं पर कभी भी कुछ भी हो सकता है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को 'कड़ा जवाब' दिया था, लेकिन इसे राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने और सीखने के लिए एक केस स्टडी के रूप में काम करना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 7-10 मई



के अभियान के दौरान स्वदेशी निर्मित सैन्य उपकरणों के प्रभावी उपयोग से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। सिंह ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जहां युद्ध भी 'हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा' था। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमने दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया और हमारी सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, फिर भी हमें आत्मचिंतन करते रहना होगा।'

### जीतनराम मांझी के विधायक अनिल कुमार पर हमला

बिहार के गयाजी जिले में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के विधायक अनिल कुमार पर बुधवार शाम जानलेवा हमला हो गया। टिकारी से हम विधायक और प्रत्याशी अनिल कुमार पर दिघौरा में कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इससे उनके हाथ, पीठ और पैर पर चोट आई है। बताया जा रहा है कि भीड़ ने उनके काफिले पर फायरिंग भी की। इसके जवाब में गार्ड ने भी गोली चलाई। विधायक के ड्राइवर समेत कई समर्थक घायल हुए हैं। विधायक अनिल कुमार से मोबाइल फोन, सोने की चेन और रुपये भी छिन लिए गए।

इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हम विधायक अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, तभी भीड़ ने उनपर हमला किया।

# बिना कार वाले से कोई नहीं करना चाहता शादी

- तेजस्वी सूर्या को शिवकुमार ने क्यों दिया ऐसा जवाब

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु दक्षिण से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार से मुलाकात करके उनसे शहर में टनल रोड प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग इसके बजाए उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट पर इन्वेस्ट करने के लिए कहा। उनके इस तर्क पर डीके शिवकुमार ने कहा कि आज के समय में बिना कार वाले से कोई भी शादी नहीं



करना चाहता है। उन्होंने कहा कि क्या मैं लोगों को अपनी गाड़ी ले जाने से रोक सकता हूं? यह सोशल जिममेदारी का मामला है। लोग अपने परिवार के साथ अपनी गाड़ियों में घूमना पसंद करते हैं।

'टाइम्स ऑफ इंडिया' के अनुसार, शिवकुमार ने कहा कि क्या हम उन्हें उनकी कारों के इस्तेमाल से रोक सकते हैं क्या? अगर जरूरत हो तो सांसद अपने वोटर्स से अपील कर सकते हैं कि वे कार का इस्तेमाल रोककर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा इस्तेमाल करें। देखते हैं कितने लोग इसका पालन करते हैं। आज लोग ऐसे लड़के से शादी करने में भी हिचकिचाते हैं, जिसके पास अपनी कार नहीं है। इस पर तेजस्वी सूर्या ने पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "इतने दिनों से मुझे गलतफहमी थी कि टनल प्रोजेक्ट का मकसद बेंगलुरु की ट्रैफिक प्रॉब्लम को सॉल्व करना है। अब, डीसीएम ने साफ किया है कि इसका मकसद एक सोशल प्रॉब्लम को सॉल्व करना है - कि लोग बिना कार वाले आदमी से शादी नहीं करना चाहते। मैं कितना बेवकूफ़ था।"

दरअसल, डीके शिवकुमार से मुलाकात के दौरान तेजस्वी सूर्या ने टनल रोड प्रोजेक्ट को सिर्फ कार वालों के लिए बनाया जा रहा प्रोजेक्ट बताया था। इसके बजाए उन्होंने मेट्रो जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम में इन्वेस्ट करने का सुझाव दिया।

## संक्षेप...

### आर्टिफिशियल रेत के इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाली पॉलिसी फाइनल

**मुंबई:** सरकार ने कंस्ट्रक्शन के कामों के लिए आर्टिफिशियल रेत के इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाली एक पॉलिसी को फाइनल कर दिया है और इस बारे में एक ऑफिशियल ऑर्डर भी जारी कर दिया है, रेवेन्यू मिनिस्टर चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को यह बात कही। सभी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टरों को लिखे एक लेटर में, बावनकुले ने इस पॉलिसी को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया। सरकार ने आर्टिफिशियल रेत, या एम-सैंड (मैन्युफैक्चर्ड रेत) यूनिट्स को मंज़ूरी देने की पावर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टरों को दे दी है.

# अब सैटेलाइट से चलेगा इंटरनेट

- एलन मस्क की कंपनी मुंबई में दिखाएगी डेमो

**मुंबई.** अमेरिकी अरबपति Elon Musk की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी Starlink भारत में अपनी एंट्री की तैयारी के एक जरूरी चरण में पहुंच चुकी है। कंपनी 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में सिक्योरिटी और टेक्निकल डेमो रन करने जा रही है। यह डेमो भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस शुरू करने से पहले की अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

सूत्रों के मुताबिक, Starlink को भारत में प्रोविजनल स्पेक्ट्रम एलॉट किया गया है और इन्हीं फ्रीक्वेंसी पर यह डेमो किया जाएगा। कंपनी इन टेस्ट्स के जरिए यह दिखाएगी कि उसका नेटवर्क GMPCS (Global Mobile Personal Communication by Satellite) लाइसेंस से जुड़ी सभी तकनीकी और सुरक्षा शर्तों का पालन करता है।

**कानूनी एजेंसियों के सामने होगा डेमो**

पहला डेमो कानून एजेंसियों (law enforcement agencies) की मौजूदगी में होगा, ताकि सरकार यह तय कर सके कि Starlink की सैटेलाइट कनेक्टिविटी भारतीय सुरक्षा मानकों और डाटा प्रोटेक्शन पॉलिसीज के अनुरूप है। बता दें, भारत में Starlink की लॉन्च प्रक्रिया पिछले कुछ महीनों से चर्चा में रही है। कंपनी को देश में कॉमर्शियल ऑपरेशंस शुरू करने से पहले कई मंजूरियां लेनी होती हैं, जिनमें सुरक्षा, तकनीक और स्पेक्ट्रम इस्तेमाल से जुड़ी परमिशंस शामिल हैं।

कंपनी का डेमो रन के सक्सेसफुल होने के बाद Starlink को भारत में अपने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विसेज लॉन्च करने का रास्ता साफ हो सकता है। स्टारलिंक का मकसद दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना है, जहां ट्रेडिशनल फाइबर या मोबाइल नेटवर्क लिमिटेड हैं।

# जानलेवा बन गया है लोहे का मेहराब

- पाँच फुट लंबा लोहे का चैनल गिरा
- गनीमत रही कि हादसा टल गया



**ठाणे.** मनपा की लापरवाही का एक और उदाहरण ठाणे पूर्व मीठा बंदर रोड स्थित स्वातंत्र्यवीर सावरकर नगर इलाके में सामने आया है।मनपा द्वारा कुछ साल पहले बनाया गया लोहे का मेहराब पूरी तरह से जंग खाकर अब जानलेवा बन गया है। मंगलवार की रात इस मेहराब का पाँच फुट लंबा लोहे का चैनल अचानक गिर गया। गनीमत रही कि उस समय वहाँ कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर मनपा की लापरवाही को उजागर कर दिया है।

मनपा केवल नई परियोजनाओं के उद्घाटन में व्यस्त रहता है, लेकिन पुरानी संरचनाओं के नियमित रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं देता। यह लापरवाही सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ है। इलाके के निवासियों ने मांग की है कि इस मेहराब का तुरंत निरीक्षण किया जाए और उसे हटाया जाए। मेहराब की नींव और उसके ऊपर की संरचना चारों तरफ से पूरी तरह जंग खा चुकी है और किसी भी क्षण इसके ढहने का डर बना हुआ है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों नागरिक, स्कूली बच्चे और वाहन चालक गुजरते हैं। इसलिए, जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालाँकि, अभी तक नगर निगम का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचा है।

नागरिकों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा मनपा नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी करता है और केवल दिखावटी परियोजनाओं, होर्डिंग और सेल्फी पॉइंट पर ही ध्यान केंद्रित करता है। लेकिन, अगर इस लापरवाह प्रशासन के कारण किसी की जान चली जाती है, तो कौन ज़िम्मेदार होगा?' इस बीच मनपा के अधिकारियों ने इस मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा हम घटना की जानकारी ले रहे हैं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# उल्हास नदी में डूबे बच्चों के शव गांधारे और रायते इलाकों में मिले




**कल्याण.** कल्याण के निकट रायते इलाके में उल्हास नदी के किनारे छठ पूजा मनाने आए एक परिवार के दो बच्चे सोमवार शाम को उल्हास नदी में फिसलकर गिर गए। वे पानी के बहाव में बह गए। दोनों बच्चों के शव बुधवार सुबह कल्याण पडघा रोड पर गांधार नदी के पुल के पास और एक शव रायते इलाके में नदी तल में मिला। कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के दमकलकर्मी मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी के मार्गदर्शन में दो दिनों से डूबे हुए दोनों बच्चों की तलाश कर रहे थे। उल्हास नदी में पानी का तेज़ बहाव दमकलकर्मियों को बच्चों की तलाश में बाधा डाल रहा था। दोनों मृत बच्चों के नाम प्रिंस गुप्ता (16) और राजन विश्वकर्मा (18) हैं।

कल्याण और डोंबिवली मनपा क्षेत्र से कई प्रवासी श्रद्धालु सोमवार शाम को छठ पूजा के लिए अपने घरों के पास नाले और नदी क्षेत्र में आए थे। यहाँ पाँच-छह परिवार छठ पूजा कर रहे थे। छठ पूजा की रस्म चल रही थी, उसी दौरान इस परिवार के दो बच्चे नदी किनारे दलदल में अपने परिवार वालों की नज़रों से ओझल होकर भटक रहे थे। एक बच्चा फिसलकर नदी में गिर गया। दूसरा उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा, तो वह भी नदी में गिर गया। गहरी धारा और तेज़ बहाव के कारण दोनों बह गए।

नदी किनारे मौजूद कुछ लोगों ने देखा कि दो बच्चे नदी में डूब गए हैं। उन्होंने तुरंत चिल्लाकर घोषणा की कि दो बच्चे नदी में डूब गए हैं। तभी दोनों परिवार अपने बच्चों की तलाश में जुट गए। एक परिवार ने देखा कि उनके बच्चे उनके साथ और आस-पास कहीं नहीं हैं। वे कहीं नहीं मिले। इसलिए, दो परिवारों ने देखा कि उनके बच्चे डूब गए हैं।

टिटवाला पुलिस और कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने देर रात तक बच्चों की तलाश की। वे नहीं मिले। मंगलवार को दिन भर रायते नदी क्षेत्र और आस-पास की झाड़ियों में बच्चों की तलाश की गई। वे नहीं मिले। बुधवार सुबह दमकल विभाग को सूचना मिली कि गंधर्व नदी के किनारे एक लड़के का शव तैर रहा है। टीम तुरंत वहाँ पहुँची। तब पता चला कि यह वही लड़का था जो रायते में डूबा था। दूसरा लड़का रायते इलाके में एक झाड़ी के नीचे मृत मिला। शव परिवार को सौंप दिया गया।

# नए प्रशासनिक भवन का कार्य शीघ्रता से किया जाए



- आयुक्त सौरभ राव ने की कार्य की समीक्षा

**ठाणे.** शहर का शहरीकरण तेज़ी से हो रहा है और बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को पर्याप्त सेवा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए मनपा के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त प्रशासनिक भवन वर्तकनगर स्थित रेमंड कंपनी परिसर में बनाया जाएगा और इस भवन के कार्य की समीक्षा हेतु आज आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्राथमिक कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए गए।

इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी,अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, सहायक निदेशक नगर नियोजन संग्राम कनाडे, उपनगर अभियंता विकास ढोले, विनोद पवार, शुभांगी केसवानी, कार्यपालक अभियंता धनंजय मोड, असावरी सोरते सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

ठाणे महानगरपालिका का मौजूदा प्रशासनिक भवन चार मंजिला है और बढ़ते कार्यक्षेत्र को देखते हुए जगह अपर्याप्त होती जा रही है। भविष्य में जगह की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए रेमंड कंपनी परिसर में 32 मंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा और इस इमारत का काम शुरू हो चुका है। इस संबंध में, आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की। इस बैठक में संबंधित कार्यकारी अभियंताओं को बताया गया कि इस क्षेत्र में अधिकांश पेड़ प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें नए स्थान पर लगाने का काम चल रहा है।

वर्तमान में, नगरीय विकास विभाग द्वारा मानचित्रों और योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है और सॉफ्ट टेस्ट का काम चल रहा है, जबकि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि 2027 में पूरा होने वाले इस भवन के निर्माण की योजना और कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उक्त भवन की योजनाएँ प्रसिद्ध वास्तुकार हाफिज कॉन्ट्रैक्टर द्वारा तैयार की गई हैं।

आयुक्त ने इस बैठक में उल्लेख किया कि नए प्रशासनिक भवन के माध्यम से ठाणे के नागरिकों और मनपा प्रतिष्ठान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को एक सुसज्जित और आधुनिक भवन प्रदान किया जाएगा।

# 38 युवकों और युवतियों से साइबर ठगी; 11 गिरफ्तार

**मुंबई.** टेक्सटाइल कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 38 युवकों और युवतियों से साइबर ठगी करने के आरआरएमवी कंपनी (टेक्सटाइल) के सीएमडी समेत 11 आरोपियों को सारनाथ और साइबर क्राइम थाने की टीम ने पहड़िया के कृष्णा नगर कॉलोनी से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 22 फर्जी डिजिटल नियुक्ति पत्र, 19 रूम मैनेजमेंट फॉर्म व 10 मोबाइल फोन मिले। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन सभागार में एडीसीपी वरुणा नीतू कात्यायन ने बताया कि आरोपियों में बिहार भभुआ कैमूर के कर्मापुर निवासी और कंपनी का सीएमडी रविप्रकाश, सुल्तानपुर के पूरे मिताई अहमद निवासी अमन वर्मा, प्रयागराज के होलागढ़ कस्तूरीपुर निवासी अनुराग, प्रयागराज करछना घरवारा निवासी प्रदीप कुमार, बिहार के मुजफ्फरपुर के करजा निवासी अनीस तिवारी, मुंबई ठाणे के कल्याण वेस्ट चिकन घर निवासी आलोक श्रीवास्तव, भदोही के सूर्यामा निवासी राजू शुक्ला, बिहार के वैशाली महुआ निवासी विकास कुमार, झारखंड धनबाद के कतरासगढ़ निवासी सुहेल शेख, प्रतापगढ़ के लालगंज सरदार केपुरवा निवासी मो. अय्यूब और गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के नरेंबुजुर्ग निवासी आकाश चंद्र हैं।

# बच्चे को टार्चर करने के आरोप में नर्सरी टीचर पर मामला दर्ज

**मुंबई.** बेलापुर के एक स्कूल की नर्सरी टीचर पर तीन साल के एक बच्चे को थप्पड़ मारने और उसे अलग-थलग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बच्चे की माँ ने पुलिस को बताया कि कक्षा के सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक लड़की ने उसका खिलौना छीन लिया था, जिसके बाद टीचर ने उसे थप्पड़ मारा और 20 मिनट के लिए अलग-थलग कर दिया।

पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.20 बजे बच्चे की माँ उसे लेने स्कूल गई थीं और उन्हें उप-प्रधानाचार्य से मिलने के लिए कहा गया, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनका बेटा अपनी कक्षा में शरारत कर रहा था और उसने एक सहपाठी के बाल खींचे थे। माँ ने स्टाफ को आश्वासन दिया कि वह उससे बात करेंगी, लेकिन घर पहुँचने पर उन्होंने उसके दाहिने गाल पर लाल निशान और उँगलियों के निशान देखे। इसके बाद, वह करीब 1 बजे स्कूल लौटीं, स्टाफ से बात की और सीसीटीवी फुटेज देखने का अनुरोध किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने उसे फुटेज दिखाने से इनकार कर दिया, लेकिन कथित तौर पर स्वीकार किया कि शिक्षक ने गलती की थी। चार दिन बाद, 12 अक्टूबर को, परिवार को आखिरकार फुटेज दिखाया गया। उन्होंने बताया कि वीडियो में, कथित तौर पर देखा जा सकता है कि लड़का एक लड़की के बाल खींच रहा था क्योंकि उसने उसका खिलौना छीन लिया था। इसके बाद शिक्षक ने उसे थप्पड़ मारा और सुबह 11:50 बजे से दोपहर 12:10 बजे तक 20 मिनट के लिए स्कूल से अलग कर दिया।

### खारघर की एक इमारत में आग लगी

**नवी मुंबई.** खारघर नोड के सेक्टर 7 स्थित रवेची हाइट्स नामक इमारत में बुधवार दोपहर आग लग गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग दूसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में लगी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. इस आग से बड़ी मात्रा में घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर के आसपास फ्लैट से अचानक धुएं का गुबार निकलता देख इमारत के निवासियों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी. जिसके बाद खारघर के दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रित करने के आग को बुझाया.

# 'सिर्फ प्रतापगढ़ परिवार' का स्नेह सम्मेलन संपन्न

- संस्था से 10 हजार लोगों को जोड़ने का संकल्प






**मुंबई.** 'सिर्फ प्रतापगढ़ परिवार' मुंबई ने छठां स्नेह मिलन समारोह मालाड पश्चिम स्थित सिल्वर ओक रेस्टोरेंट सभागार में आयोजित किया. भारी बरसात के बावजूद प्रतापगढ़ वालों की भारी संख्या आयोजकों के हौसलों को पंख लगा रही थी. डॉक्टर अमर मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में हर तबके के लोग उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदीपुर धाम के संस्थापक अरुण मिश्र ने किया, जबकि शिक्षाविद दिनेश त्रिपाठी मुख्य अतिथि थे. हल्लू रामसुंदर यादव, डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय, आनंद पांडेय, पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी, पत्रकार संदीप शुक्ल, लक्ष्मण द्विवेदी, सुरेश शुक्ल ने विचार व्यक्त किए.

कार्यक्रम के मार्गदर्शक डॉ. अमर मिश्र ने प्रवासी प्रतापगढ़ वालों को जोड़ने, उनकी समस्याओं का निदान करने तथा मुंबई, ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, पालघर, नवी मुंबई में रहने वाले कम-से-कम दस हजार लोगों को एक साथ जोड़ने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी, लोकगायक संजय तिवारी सफल, सागर तिवारी, दीपक सुहाना और हास्य सम्राट सुरेश मिश्र ने कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया.

इस अवसर पर परमार्थ ट्रस्ट के ट्रस्टी दुर्गेश पाण्डेय, प्रदीप दूबे, लक्ष्मण द्विवेदी, संदीप शुक्ला, संतोष राजाराम पाण्डेय, उद्योगपति उदयराज सिंह, रामदेव (मुन्ना) पाण्डेय, सुरेंद्र पाण्डेय, आनंद पाण्डेय, शिखर न्यूज के प्रमुख सुरेश शुक्ल, राजेश मिश्र, अनिल मिश्र, एड विनय दूबे, अविनाश पाण्डेय, भोला गिरि, डॉ अश्विन पाण्डेय, बालीवुड सिंगर रवी त्रिपाठी, सिंगर सागर तिवारी, राजेश पाण्डेय, अनिल बारी आदि सहित तमाम हस्तियां उपस्थित थीं. पत्रकार अविनाश पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया.


### आम सूचना

मैं श्री खुदबुद्दीन चांद शिकलगार सभी को सूचित कर रहा हूं कि रूम, बैरक नं. 9 के पीछे, दत्तवाडी, अंबिका मंदिर के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ014709300(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मुमताज खुदबुद्दीन शिकलगार ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 29.10.2025 सी.नं. 3611/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री खुदबुद्दीन चांद शिकलगार**


# 'कल्कि 2898 एडी' के OTT क्रेडिट्स से दीपिका नाम हटा



- फैंस में नाराजगी
- फिल्म के मेकर्स पर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप

दीपिका पादुकोण का नाम फिल्म 'कल्कि 2898 एड' के एंड क्रेडिट्स से हटा दिया गया है, जो एक OTT प्लेटफॉर्म पर जारी है। इस बात पर उनके फैंस में नाराजगी फैल गई है क्योंकि उनका नाम हटाना उनके काम का सम्मान न करने जैसा है।

फिल्म के निर्माताओं ने सितंबर 2025 में आधिकारिक रूप से बताया था कि दीपिका 'कल्कि' के सीक्वल का हिस्सा नहीं रहेंगी। इसके बाद यह खबर आई कि OTT रिलीज के बाद भी उनका नाम एंड क्रेडिट्स से हटाया गया है।

फैंस का कहना है कि क्रेडिट्स केवल नाम नहीं, बल्कि सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक होते हैं और दीपिका ने फिल्म में एक अहम भूमिका निभाई है, इसलिए उनके नाम को हटाना अनुचित है।

हालांकि नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर अभी भी फिल्म के कुछ संस्करणों में उनका नाम दिख रहा है, जिसके कारण यह विवाद गड़बड़ी या जानबूझकर नाम हटाने का मामला हो सकता है। यह मुद्दा सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा और निर्माताओं की काफी आलोचना हुई।

इस विवाद से पहले सितंबर 2024 में मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की थी कि दीपिका इस फिल्म के सीक्वल का हिस्सा नहीं रहेंगी। निर्माताओं का कहना था कि लंबी बातचीत के बाद साझेदारी नहीं बन पाई और वे दीपिका के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका ने फीस में 25% बढ़ोतरी और 8 घंटे की वर्क शिफ्ट की मांग की थी जिसे मेकर्स ने अस्वीकार कर दिया। बातचीत विफल होने पर उन्हें बाहर कर दिया गया।

# स्ट्रीट लाइट तांबे के तार चुराने वाला धराया

**नवी मुंबई.** मनपा द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट के खंबों से तांबे की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले रखरखाव व मरम्मत करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों ने तांबे के तार को चुराते हुए एक चोर को पकड़ने में सफलता पाई, जिसे तुर्भे पुलिस को सौंप दिया गया है. पुलिस द्वारा इस मामले की आगे की जांच की जा रही है.

नवी मुंबई मनपा क्षेत्र की सड़कों पर 35,000 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट के खंबे लगाए हैं, यह देखा गया है कि वाशी लिंक रोड और ठाणे बेलापुर हाईवे पर लगे स्ट्रीट लाइट से तांबे के तार चोरी हो रहे हैं. इस संबंध में 10 दिन पहले वाशी पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी. इसमें 27 अक्टूबर की शाम को ठाणे बेलापुर रोड पर कोकिलाबेन अस्पताल के पास डिवाइडर में लगे स्ट्रीट से 2 लोग तांबे का तार हटा रहे थे.


### आम सूचना

मैं श्री जसविंदर हरबंस सिंग सभी को सूचित कर रहा हूं कि रूम, पोर्शन रूम, बैरक नं. 115 के पास, बिरला मंदिर के पीछे, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014323200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी हरबंस सिंग बुढासिंग के नाम पर है। उनका निधन 4.12.2021 को हो गया है। श्रीमती हरभजन कौर हरबंस सिंग का निधन 20.11.2018 को हो गया है और रोशनसिंग हरबंससिंग गोलार का निधन 14.7.2020 को हो गया। श्री राजींदर कौर अवतार गिल, श्रीमती मुनींदर कौर गोलर, श्रीमती रविंदर कौर रोशनसिंग गोलार व श्री करनसिंग रोशनसिंग गोलर ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 17.10.2025 सी.नं. 3557/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जसविंदर हरबंस सिंग**

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती कविता अरुण भंडारी सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री अरुण गोमा भंडारी का देहांत 11 सितंबर 2022 को हो गया है. उनके नाम पर मारुति स्वीट कार नं. एमएच02 बीजेड 0116 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मारुति स्वीट नं. एमएच02 बीजेड 0116 मेरे श्रीमती कविता अरुण भंडारी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती कविता अरुण भंडारी**








यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099